# सीधी चैलेंज कप सीजन-9 : भूमि एसोसियेट्स दिल्ली ने रिकॉर्ड जीत के साथ जीता सीधी का दिल

## कुंवर एंड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन- 9 के सातवें दिन के मैच में भूमि एसोसिएट्स एलबीएस दिल्ली एवं चौहान स्टोन क्रेशर जम्मू-कश्मीर वारियर्स के बीच हुए मुकाबले में दिल्ली को मिली 154 रन से एक तरफा जीत

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 10 जनवरी। अखिल भारतीय आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट कुंवर एण्ड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन 9 के आज स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम में भूमि एसोसिएट्स एलबीएस दिल्ली एवं चौहान स्टोन क्रेसर जम्मू-कश्मीर वारियर्स के मध्य हुए सातवें दिन के मैच मे भूमि एसोसिएट्स एलबीएस दिल्ली 154 रनों से अपनी जीत दर्ज कर चौहान स्टोन क्रेसर जम्मू-कश्मीर वारियर्स को हराया।**

कुंवर एण्ड ब्रदर्स सीधी चैलेंज

कप सीजन-9 के आज के मैच में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश महामंत्री भाजपा एवं पूर्व चुरहट विधायक शरतेन्दु तिवारी तथा अतिथि के रुप में भानू पाण्डेय की गरिमामय उपस्थित रही। आज सातवें दिन के मैच में सुबह छत्रसाल स्टेडियम में अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट सीधी चैलेंज कप स्पोर्ट समिति के अध्यक्ष डॉ.अनूप मिश्रा द्वारा एलबीएस दिल्ली के फ्रेंचाइजी ओनर रहीश चौहान भूमि एसोसिएट्स और जम्मू-कश्मीर वॉरियर्स के फ्रेंचाइजी ओनर अनिल सिंह दादरी चौहान स्टोन क्रेसर की गरिमामय उपस्थित में दोनों टीमों के कप्तानों द्वारा टॉस किया गया। टॉस जीतकर जम्मू-कश्मीर ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। एलबीएस दिल्ली बल्लेबाजी करते हुए 35 ओव्हर मे 8 विकेट के नुकसान के साथ शानदार 304 रनों का लक्ष्य जम्मू-कश्मीर वॉरियर्स के सामने रखा। जिसमे कौशल सुमन ने 2 छक्के और 16 चौके लगाते हुए 107 रनों की तथा अनंतबीर सिंह 2 छक्के 9 चौके लगाते हुए 77 रनों की शानदार पारी खेली। जबावी पारी में जम्मू-कश्मीर वारियर्स की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 23.3 ओवर 150 रन बनाते हुए सिमट गयी। जिसमे समेर सिंह 5 छक्के और 3 चौके लगाए तो कुछ समय के लिए लगा की मैच जम्मू-कश्मीर के पक्ष में जा सकता है लेकिन 44 रनो की शानदार पारी खेलने के बाद जब समेर का विकेट गिरा तो एक-एक करके सारी टीम मात्र 150 रनो मे सिमट गयी। आज के मैच में अंपायर के रूप में राकेश सिंह चंदेल और जितेन्द्र गुप्ता रहे। स्कोरर बी कृष्ण कुमार, हर्ष गुप्ता रहे। रोमांचक कमेंटेटर के रूप में प्रेम कुमार बालेन्द्र कुशवाहा और सौरभ सिंह रहे।

### हैदराबाद और मालदीव के बीच मैच आज

छत्रसाल स्टेडियम सीधी में सीधी चैलेंज कप सीजन 9 का आठवां मैच आज फ्रेंचाइजी सिद्धू ग्रुप, करणी सेना, एमपीएसपी क्लब की टीम राजू क्रिकेट अकादमी हैदराबाद और फ्रेंचाइजी केडी कंस्ट्रक्शन की टीम क्रिकेट बोर्ड ऑफ मालदीव के बीच आज रविवार को सुबह 10 खेला जाएगा। हैदराबाद सीधी चैलेंज कप के पिछले सीजन में विजेता टीम रही है, वहीं विंध्य की धरा में पहली बार अंतरराष्ट्रीय टीम मालदीव खेलेगी, जिससे यह मैच काफी रोमांचक रहेगा है।

### सीजन-9 में एलबीएस दिल्ली टीम ने बनाये कई रिकॉर्ड

अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट कुंवर एण्ड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन-9 के दूसरे पूल के पहले दिन के फ्रेंचाइजी रहीश सिंह भूमि एसोसिएट की टीम एलबीएस दिल्ली ने फ्रेंचाइजी अनिल सिंह ददरी चौहान स्टोन क्रेशर जम्मू-कश्मीर के साथ हुये मैच में सीधी चैलेंज कप सीजन-9 के अब तक हुये मुकाबले में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जहां 304 रन के बड़े स्कोर का रिकॉर्ड बनाया। वहीं दिल्ली टीम के धुआंधार बल्लेबाज कौशल सुमन ने शतकीय पारी खेलने का रिकॉर्ड बनाया।

### विंध्य की धरा सीधी के मैदान में पहली बार उतरेगी विदेशी टीम

अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट कुंवर एण्ड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन-9 में विंध्य की धरा में पहली बार कोई विदेशी टीम सीधी के मैदान में उतरेगी। विदेशी टीम क्रिकेट बोर्ड मालदीव को विंध्य की धरा सीधी के छत्रसाल स्टेडियम में खेलने के लिये आमंत्रित कर सीधी चैलेंज कप टूर्नामेंट स्पोर्ट समिति सीधी के लिये विंध्य के खेल के इतिहास में एक ऐतिहासिक पल होगा। विदेशी टीम का खेल देखने सीधी के खेलप्रेमियों सहित सीधी वासियों में अलग ही जिज्ञासा के साथ उत्साह है।

### प्रताप मार्बल मैन ऑफ द मैच दिल्ली के कौशल सुमन के नाम

सीधी चैलेंज कप सीजन 9 का सातवां मैच फ्रेंचाइजी रहीश सिंह भूमि एसोसियेट्स एलबीएस दिल्ली एवं फ्रेंचाइजी अनिल सिंह ददरी चौहान स्टोन क्रेसर जम्मू-कश्मीर वारियर्स के बीच खेला गया। यह मैच प्रारंभ से ही काफी रोमांचक रहा, लिहाजा क्रिकेट प्रेमियों ने मैच का लुफ्त पूरे समय तक पूरी गर्म जोशी के साथ उठाया। रोमांचक मुकाबले में दिल्ली को जीत मिली, भूमि एसोसिएट्स एलबीएस दिल्ली के कौशल सुमन जिन्होंने 74 गेदो में 2 छक्के और 16 चौके की मदद से 107 रन बनाएं को आज के गेस्ट ऑफ ओनर जगत सिंह, राजेश सिंह, शिवम सिंह की गरिमामय विशेष उपस्थिति मैन ऑफ द मैच प्रताप मार्बल की ओर से दिया गया।

# सांसद ने बूथ क्रमांक-251 में की एसआईआर की समीक्षा

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 10 जनवरी। लोकसभा संसदीय क्षेत्र सीधी के सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने नगर पालिका परिषद के नवीन बूथ क्रमांक 251 में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ एसआईआर अभियान की समीक्षा की।**

इस दौरान सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने बूथ की टोली एवं गणमान्य नागरिकों के साथ बैठकर नवीन मतदाता सूची का वाचन, उसमें किए जाने वाले संशोधन और खूबियां और कर्मियों की समग्र रूप से इसे और अच्छा बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्रमणि दुबे, बूथ अध्यक्ष अधिवक्ता फूलचंद गुप्ता, बूथ महामंत्री अमित बसंतानी, बूथ के गणमान्य नागरिक उमेश सोनी, अनूप कुमार गुप्ता, विजय अग्रवालए, बीएलओ कल्पना सिंह सहित दर्जनों मतदान केन्द्र के निवासी उपस्थित रहे।

# मनरेगा को समाप्त कर गरीबों के रोजगार के अधिकार से खुला खिलवाड़ : ज्ञान सिंह

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 10 जनवरी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने बुधवार को जवाहर कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि केन्द्र सरकार ने मनरेगा को समाप्त कर गरीबों के रोजगार के अधिकार से खुला खिलवाड़ किया है।**

उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा की हत्या में पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य साजिशकर्ता हैं जिन्होंने संसद में नया कानून पेश कर ग्रामीण गरीबों की आजीविका पर सीधा हमला किया है। ज्ञान सिंह ने कहा कि म.प्र. कांग्रेस कमेटी केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा को खत्म कर उसकी जगह विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन गारंटी (ग्रामीण) अधिनियम 2025 लागू करने की कड़े शब्दों में निंदा करती है। यह नया कानून मजदूर-विरोधी है और महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने का अपमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो शिवराज सिंह चौहान खुद को मामा और गरीबों का हितैषी बताते हैं वही संसद में इस विधेयक को पेश कर ग्रामीण गरीबों के काम के अधिकार को कुचलने का काम कर रहे हैं। संसद में मनरेगा में भ्रष्टाचार और कमियों का हवाला देना केवल बहाना है, जबकि सच्चाई यह है कि भाजपा सरकार ने पिछले 11 वर्षों में जानबूझकर मनरेगा को कमजोर किया और अब उसे पूरी तरह समाप्त करने की साजिश रची गई है। नए कानून से मध्य प्रदेश के करीब 92 लाख सक्रिय मजदूरों की रोजी-रोटी केन्द्र सरकार की मर्जी पर निर्भर हो गई है। ज्ञान सिंह ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान के केन्द्रीय मंत्री बनते ही मनरेगा की हत्या होना कोई संयोग नहीं बल्कि एक सोची-समझी राजनीतिक साजिश है। उन्होंने नए अधिनियम से म.प्र. पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ का जिक्र करते हुए कहा कि नए कानून में फंडिंग पैटर्न 60:40 कर दिया गया है जिससे राज्य सरकार पर 40 प्रतिशत खर्च का भार आएगा। इससे म.प्र. पर सालाना 5000 करोड़ रूपये से अधिक का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, जबकि राज्य पहले से ही करीब 4 लाख करोड़ के कर्ज में डूबा हुआ है। ज्ञान सिंह ने इसे केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा राज्य के साथ किया गया वित्तीय धोखा बताया।

# न्यायाधीश ऋषि तिवारी की स्मृति में 40वें नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 10 जनवरी। न्यायाधीश ऋषि तिवारी की स्मृति में आज 10 जनवरी को ऋषिकेश फाउंडेशन द्वारा ऋषिकेश आश्रम बड़ा बांध हनुमानगढ़ में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर आयोजन की श्रृंखला में यह 40वां नेत्र परीक्षण शिविर था।**

नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर प्रत्येक माह की 10 तारीख को आयोजित किया जाता है। नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में आंखों के डॉक्टर जरूरतमंद लोगों की आंखों की मुफ्त जांच करते हैं और दृष्टिदोष, मोतियाबिंद या अन्य आंखों की समस्याओं का पता लगाकर मुफ्त चश्मे, दवाइयां देते है। जरूरी होने पर मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चित्रकूट ऑपरेशन हेतु ले जाया जाता है। इस बार के शिविर में आस-पास के कई गांवों से सैकड़ों मरीज नेत्र की जांच करवाने शिविर स्थल पहुंचे। पिछले माह दिसम्बर में जिन मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया था उनका फॉलोअप चेकप करने के उपरांत नि:शुल्क चश्में वितरित किए गए। आज के शिविर में सभी आगंतुकों को ऋषिकेश फाउंडेशन के सेवदारों द्वारा जलपान करवाया गया। फिर चिकित्सकों द्वारा मरीजों नेत्र परीक्षण किया गया। परीक्षण के उपरांत आवश्यकतानुसार नि:शुल्क आई ड्राप वितरित किए गए। जांच के बाद 25 मरीजों को मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन हेतु चित्रकूट रवाना किया गया। सेवादरों द्वारा शिविर में पहुंचे सभी आगंतुकों को फल और बिस्किट भेंट किए गए। चित्रकूट जाने वाले सभी मरीजों को फल और बिस्किट के साथ भोजन के पैकेट भी भेंट किए गए। ऋषिकेश फाउंडेशन परिवार सभी मरीजों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ्य लाभ की कामना करता है।

# वनांचल की बिटिया अनामिका के मेडिकल सपने को मिला संबल

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 10 जनवरी। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की संवेदनशील सोच और त्वरित निर्णय का एक और प्रेरक उदाहरण सामने आया है। सीधी प्रवास के दौरान बहरी में आयोजित कार्यक्रम में कुसमी विकासखंड के ग्राम देउमठ निवासी बिटिया अनामिका बैगा ने मुख्यमंत्री से मेडिकल की पढ़ाई में सहयोग का अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री ने तत्काल संज्ञान लेते हुए उसे हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।**

अनामिका अभी नीट परीक्षा की तैयारी कर रही है जिसके लिए उन्हें कोचिंग, छात्रावास एवं अध्ययन सामग्री की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बिटिया की आवश्यकताओं के अनुरूप उचित और त्वरित व्यवस्थाएं की जाएं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि भविष्य में अनामिका के मेडिकल कॉलेज में चयन होने पर राज्य सरकार उसकी पढ़ाई में हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि अनामिका अपने परिश्रम से एक दिन सफल और प्रतिष्ठित चिकित्सक बनकर प्रदेश का नाम गौरवान्वित करेगी। मुख्यमंत्री के निर्देशों के पालन में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने अनामिका बैगा से मुलाकात की। कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी को निर्देशित किया कि अनामिका को नीट की तैयारी के लिए आवश्यक पुस्तकें, कोचिंग और छात्रावास की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित की जाए। साथ ही अनामिका तथा उनके पिता रामकुमार बैगा से अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में जानकारी लेकर उपखंड अधिकारी कुसमी और जनजातीय कार्य विभाग को परीक्षण कर उसे सभी पात्र हितग्राहीमूलक योजनाओं से जोड़ने के निर्देश भी दिए गए।

# कलेक्टर ने एसआईआर के तहत मतदाता सूची की त्रुटियों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 10 जनवरी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित एसआईआर कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूची में विद्यमान तार्किक (लॉजिकल) त्रुटियों के निराकरण को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार सीधी में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने की।**

बैठक में कलेक्टर ने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए बीएलओ के माध्यम से दो दिवस के भीतर मतदाता सूची की सभी तार्किक विसंगतियों का निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बीएलओ ऐप के माध्यम से नो-मैपिंग डेटा एवं लॉजिकल डिस्क्रिपेंसीज का त्वरित समाधान किया जाए, ताकि मतदाता सूची पूर्णत: शुद्ध एवं अद्यतन हो सके। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि एसआईआर अंतर्गत प्राप्त होने वाले फार्म-6 (नए मतदाता का नाम जोड़ना), फार्म-7 (नाम विलोपन) एवं फार्म-8 (संशोधन) से संबंधित सभी दावा-आपत्तियों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण किया जाए तथा उनका तत्काल डिजिटाइजेशन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य की गंभीरता को देखते हुए किसी भी प्रकरण को लंबित न रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में शामिल न हो। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि यदि मैदानी स्तर पर डेटा सुधार या बीएलओ ऐप के संचालन में किसी प्रकार की तकनीकी बाधा आती है, तो तत्काल जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों से संपर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त करें, जिससे एसआईआर अभियान के लक्ष्यों की समय पर पूर्ति हो सके।

# वीबी-जी रामजी योजना वर्ष-2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करेगी : दिलीप

## प्रभारी मंत्री ने पत्रकार वार्ता में वीबी-जी रामजी योजना की बताईं खूबियां, 125 दिन का रोजगार, 15 दिन में मजदूरी, जनकल्याण का सशक्त मॉडल

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 10 जनवरी। प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच से शुरू की गई विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी रामजी योजना वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाली ऐतिहासिक योजना है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों को आत्मनिर्भर बनाकर गांवों की तस्वीर और तकदीर बदलने का कार्य करेगी।**

यह विचार उन्होंने भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। पत्रकार वार्ता की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने की। प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि वीबी-जी रामजी योजना के तहत प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को न्यूनतम 125 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई है। मजदूरी का भुगतान 15 दिन के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। यदि मांग के बाद भी रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान भी रखा गया है। यह योजना ग्रामीण मजदूरों के लिए सुरक्षा कवच का कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस शासनकाल में इस योजना का बजट मात्र 35 हजार करोड़ रुपये था जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले बढ़ाकर 74 हजार करोड़ किया और अब सुधारों के साथ इसे 95 हजार करोड़ रुपये कर दिया गया है। यह वृद्धि ग्रामीण भारत के प्रति केन्द्र सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मंत्री ने कहा कि वर्ष 2026 को कृषि वर्ष घोषित किया गया है। 15 विभागों की संयुक्त कार्ययोजना के माध्यम से कृषि को उद्योग और रोजगार से जोड़ा जाएगा। नई योजना में ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालय भवन, पुस्तकालय, कोल्ड स्टोरेज, ग्रामीण पार्किंग, सौर एवं नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं, जैविक खाद इकाइयां, पशुपालन, मुर्गी पालन व मत्स्य पालन शेड, नर्सरी, ग्रामीण सड़क, पुल-पुलिया, पंचायत भवन, आपदा क्षतिग्रस्त संरचनाओं की मरम्मत जैसे कार्य शामिल किए गए हैं। इससे स्थायी विकास के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

प्रभारी मंत्री ने बताया कि योजना में जियो-टैगिंग, डिजिटल रिकॉर्डिंग, बायोमेट्रिक भुगतान प्रणाली और ग्राम सभा के माध्यम से सोशल ऑडिट का प्रावधान किया गया है। ग्राम पंचायतों को परिवारों का पंजीयन, रोजगार गारंटी कार्ड जारी करने और कम से कम 50 प्रतिशत कार्यों के निष्पादन का अधिकार दिया गया है। उन्होंने कहा कि नई योजना में राज्यों को 60 दिन अधिसूचित करने का अधिकार दिया गया है जिससे बुवाई और कटाई के समय खेतों में पर्याप्त श्रमिक उपलब्ध रहेंगे। इससे किसानों और मजदूरों-दोनों को लाभ होगा। प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि वीबी-जी रामजी योजना से गांवों में ही रोजगार मिलेगा, जिससे पलायन रुकेगा, परिवार एकजुट रहेंगे और स्थानीय बाजार सशक्त होंगे। यह योजना किसान, मजदूर और गांव-तीनों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि वीबी-जी रामजी योजना एक जनकल्याणकारी और दूरदर्शी योजना है। कांग्रेस केवल भ्रम फैलाकर ग्रामीणों को गुमराह करने का कार्य कर रही है। उन्होंने पार्टी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस योजना के लाभ जन-जन तक पहुंचाएं।

### महिलाओं और कमजोर वर्गों को प्राथमिकता

योजना में महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, भूमिहीन मजदूरों, दिव्यांग मुखिया परिवारों, छोटे व सीमांत किसानों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। महिला स्व-सहायता समूहों के लिए प्रशिक्षण, कौशल विकास केन्द्र, वर्क-शेड और ग्रामीण हाट अवसंरचना विकसित की जाएगी, जिससे आजीविका के नए अवसर सृजित होंगे।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

पत्रकार वार्ता में पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक शरदेन्दु तिवारी, धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इंद्रशरण सिंह चौहान, के .के .तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू रामजी सिंह, जनपद अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार, योजना टोली संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष शिवदान साकेत, कपूरचंद साहू, सूर्य प्रताप सिंह, जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र मणि दुबे, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजमणि साहू, भानु पाण्डेय, सोशल मीडिया जिला संयोजक जितेन्द्र तिवारी सहित प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं वेब मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।